व्हाइट हाउस
प्रैस सचिव का कार्यालय

तुरंत प्रकाशन के लिए 25 नवम्बर, 2009

हज और ईद-उल-अदहा पर राष्ट्रपति का वकत्व्य

मिशैल और मैं उन सभी को जो इस वर्ष हज यात्रा कर रहे हैं, तथा अमेरिका में और विश्व भर में मुसलमानों को जो ईद-उल-अदहा मना रहे हैं अपनी सर्वोत्तम शुभ कामनाएं भेजना चाहते हैं. हज और ईद-उल-अदहा दोनों के अनुष्ठान विश्व के तीन प्रमुख धर्मों के साझे अब्रहमी मूलस्रोत की याद दिलाते हैं.

हज के दौरान, विश्व का सबसे बड़ा और सर्वाधिक विविधतापूर्ण जन समूह, जीवन के हर क्षेत्र के तीस लाख मुस्लिम लोग - जिनमे हजारों अमेरिकी मुसलमान भी शामिल हैं - माउंट अराफात पर साथ खड़े हो कर प्रार्थना करेंगे. अगले दिन, विश्व भर में मुस्लिम लोग ईद-उल-अदहा मनाएंगे, और ईश्वर की आज्ञापालन में अपने पुत्र की बलि चढाने की अब्राहम की तत्परता की याद में अपने से कम भाग्यशाली लोगों में भोजन वितरित करेंगे.

इस वर्ष, मुझे हर्ष है कि हज के दौरान एच1एन1 को फैलने से रोकने और उसके परिसीमन के लिए हमारा स्वास्थय और मानव सेवा विभाग साउदी स्वास्थय मंत्रालय के साथ मिल कर काम कर रहा है. एच1एन1 से मुकाबले के लिए सहयोग उन विधियों में से एक है जो पारस्परिक हित के क्षेत्रों में साझेदारी की मेरे प्रशासन की वचनबद्धता को लागू करने के लिए अपनाई जा रही हैं.

अमेरिका की जनता की ओर से, हज के इस अवसर पर हम अपनी शुभ कामनाएं भेंट करना चाहते हैं --
ईद मुबारक.